# HALF YEARLY EXAMINATION, 2024-25

## HINDI CORE

**Time – 3:00 Hrs.** **Class – XII** **M.M. : 80**

**Date – 12.09.2024 (Thursday)**

**Name of the student ______________________________________________Section _____**

**सामान्य निर्देश -**

1. दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए सभी खंडों के प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है|
2. यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए |

**प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी/लघूत्तरीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-**

पश्चिमी सभ्यता मुख मोड़ रही है। वह एक नया आदर्श देख रही है। अब उसकी चाल बदलने लगी है। वह कलों की पूजा को छोड़कर मनुष्यों की पूजा को अपना आदर्श बना रही है। इस आदर्श को दर्शाने वाले देवता रस्किन और टॉलस्टॉय आदि हैं। पाश्चात्य देशों में नया प्रभात होने वाला है। वहाँ के गंभीर विचार वाले लोग इस प्रभात का स्वागत करने के लिए उठ खड़े हुए हैं। प्रभात होने के पूर्व ही उसका अनुभव कर लेने वाले पक्षियों की तरह इन महात्माओं को इस नए प्रभात का पूर्व ज्ञान हुआ है और हो क्यों न? इंजनों के पहिए के नीचे दबकर वहाँ वालों के भाई-बहन उनकी सारी जाति पिस गई, उनके जीवन के धुरे टूट गए, उनका समस्त धन घरों से निकलकर एक ही दो स्थानों में एकत्र हो गया।

साधारण लोग मर रहे हैं, मज़दूरों के हाथ-पाँव फट रहे हैं, लहू बह रहा है। सर्दी से ठिठुर रहे हैं। एक तरफ दरिद्रता का अखंड राज्य है. दूसरी तरफ अमीरी का चरम दृश्य। परंतु अमीरी भी मानसिक दुःखों से विमर्दित है। मशीनें बनाई तो गई थीं मनुष्यों का पेट भरने के लिए मज़दूरों को सुख देने के लिए परंतु वे काली-काली मशीनें ही काली बनकर उन्हीं मनुष्यों का भक्षण कर जाने को लिए मुख खोल रही हैं। प्रभात होने पर ये काली काली बलाएँ दूर होंगी। मनुष्य के सौभाग्य का सूर्योदय होगा। शोक का विषय यह है कि हमारे और अन्य पूर्वी देशों में लोगों को मज़दूरी से तो लेशमात्र भी प्रेम नहीं है पर वे तैयारी कर रहे हैं पूर्वोक्त काली मशीनों का आलिंगन करने की। पश्चिम वालों के तो में गले पड़ी हुई बहती नदी भी काली कमली हो रही है। वे छोड़ना चाहते हैं, परंतु काली कमली उन्हें नहीं छोड़ती। देखेंगे पूर्व बाले इस कमली को छाती से लगाकर कितना आनंद अनुभव करते हैं। यदि हममें से हर आदमी अपनी दस अँगुलियों की सहायता से साहसपूर्वक अच्छी तरह काम करे तो हम मशीनों की कृपा से बढ़े हुए परिश्रम वालों को वाणिज्य के जातीय संग्राम में सहज ही पछाड़ सकते हैं। सूर्य तो सदा पूर्व ही से पश्चिम की ओर जाता है, पर आओ पश्चिम से आने वाली सभ्यता के नए प्रभात को हम पूर्व से भेजें। इंजनों की वह मज़दूरी किस काम की जो बच्चों, स्त्रियों और कारीगरों को ही भूखा नंगा रखती है और केवल सोने चाँदी, लोहे आदि धातुओं का ही पालन करती है। पश्चिम को विदित हो चुका है कि इनसे मनुष्य का दुःख दिन पर दिन बढ़ता है।

(i) 'पाश्चात्य देशों में <u>नया प्रभात</u> होने वाला है।' पंक्ति में रेखांकित पद का आशय हो सकता है? (1)

(क) नई रोशनी (ख) नया विचार (ग) नया सवेरा (घ) नई उन्नति

(ii) संदर्भ के अनुसार गद्यांश में 'विमर्दित' शब्द का सटीक अर्थ क्या हो सकता है? (1)

(क) दबी हुई (ख) ग्लानि पूर्ण (ग) ईर्ष्या पूर्ण (घ) पीड़ा पूर्ण

(iii) मनुष्य के सौभाग्य का सूर्योदय कब होगा ? (1)

(क) मज़दूरों द्वारा क्रांति करने से (ख) मशीनों के हट जाने से

(ग) सभी लोगों को काम मिलने से (घ) मानवीय दक्षताओं को महत्त्व मिलने से

(iv) रस्किन और टॉलस्टॉय कौन थे? (1)

(v) गद्यांश के अनुसार पूर्वी देशों की समस्या क्या है? (2)

(vi) गद्यांश के अनुसार साधारण लोग क्यों मर रहे हैं? (2)

(vii) मशीनों को 'काली मशीनें' कहना किस बात की ओर संकेत करता है? (2)

**प्र.2 निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी/लघूत्तरीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-**

कुश्ती कोई भी लड़े
डोल बजाता है सिमरू ही
जिसके सधे हाथ
भर देते हैं जोश पूरे दंगल में
उछलने लगती है मिट्टी पूरे अखाड़े की
ताक धिना-धिन.... ताक धिना-धिन
झाँकने लगते हैं लोग
एक-दूसरे के कन्धों के ऊपर से
उचक-उचक कर
बहुत गहरा है रिश्ता सिमरू और ढोल का....
जैसे साँस और धड़कन का
ढोल खामोश है तो खामोश है
अखाड़े की माटी
खामोश ढोल को जगाएँगे
हाथ सिमरू के
ढोल बजेगा जागेगा अखाड़ा
जागेगी माटी अखाड़े की
माटी ही तो है
जो स्वीकारती है सभी को
अच्छे हों या बुरे
हर रूप में।

(i) 'ढोल बजाता है सिमरू ही' पंक्ति में 'ही' क्या इंगित करता है? (1)

(क) एक आदत (ख) महत्त्व (ग) आडम्बर (घ) प्रेम

(ii) कुश्ती में जोश कब भर आता है? (1)

(क) जब हारता हुआ पहलवान जीतता है

(ख) जब दोनों पहलवान बराबर की टक्कर वाले होते हैं

(ग) जब कुश्ती द्वारा राष्ट्रीय विजेता तय होता है

(घ) जब सिमरू द्वारा ढोल बजाया जाता है

(iii) दंगल क्या होता है? (1)

(क) विकास प्रदर्शनी (ख) प्रौढ़ शिक्षा केंद्र (ग) कुश्ती प्रतियोगिता (घ) वाद्य-यंत्रों का प्रकार

(iv) माटी द्वारा अच्छे-बुरे को स्वीकारने का क्या तात्पर्य है? (1)

(v) ढोल तथा अखाड़े की माटी में क्या समानता बताई गई है? (2)

(vi) सिमरू का ढोलक बजने पर आसपास क्या हलचल हो जाती है? (2)

**प्र.3 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग १२० शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए- (**6)

(क) डिजिटल युग और युवा

(ख) परीक्षा के तनाव और इसे रोकने के उपाय

(ग) उच्च शिक्षा हेतु युवाओं का विदेश पलायन

**प्र.4** किसी प्रसिद्ध कंपनी से प्राप्त नौकरी के प्रस्ताव को स्वीकार करने हेतु उसी कंपनी के कार्यकारी निदेशक को **पत्र लिखिए**। (5)

**अथवा**

किसी राष्ट्रीय समाचार-पत्र के संपादक को **पत्र** लिखकर अपने नगर में पौधारोपण का महत्त्व प्रकाशित करने का अनुरोध कीजिए।

**प्र.5 (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग ४० शब्दों में लिखिए- (8)**

(क) मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ क्यों कहा जाता है?

(ख) मुद्रित माध्यमों की कोई दो खूबियाँ लिखिए।

(ग) रेडियो समाचार लेखन के लिए कोई दो बुनियादी बातें लिखिए।

(घ) टी. वी. ख़बरें किन चरणों में आगे बढ़ती हैं –लिखिए ।

(ङ) विलोम स्तूपी पद्धति समाचार संरचना के लिए कितनी कारगर है?

**(ब)** समाचार लेखन के छ: ककारों से समाचार का ढांचा कैसे तैयार किया जाता है? विस्तार से समझाइए।

**अथवा**

विशेष लेखन के प्रमुख क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए बताइए कि उनमें विशेषज्ञता कैसे प्राप्त की जा सकती है? (3)

**प्र.6 निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए (5)**

मैं निज उर के उद्गार लिए फिरता हूँ मैं जला हृदय में अग्नि, दहा करता हूँ
मैं निज उर के उपहार लिए फिरता हूँ सुखदु:ख दोनों में मग्न रहा करता हूँ
है यह अपूर्ण संसार न मुझको भाता मैं स्वप्नों का संसार लिए फिरता हूँ।
जग भव-सागर तरने को नाव बनाए मैं भव-भौजों पर मस्त बहा करता हूँ।।

(1) कवि के स्वप्नों का संसार कैसा है?

(क) यथार्थ (ख) संतुष्ट (ग) ढोंगी (घ) डरावना

(ii) निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए पद्यांश के अनुसार सही कथन को चयनित कर लिखिए

(क) स्मृतियों की नाव में कवि एक यात्री है।

(ख) कविता में 'अग्नि' परिवर्तन की इच्छा का प्रतीक है।

(ग) यथार्थ संसार से कवि को कोई सरोकार नहीं है।

(घ) सुख-दु:ख का असर कवि पर सदैव होता है।

(iii) काव्यांश में 'उर' से तात्पर्य है-

(क) हृदय (ख) इच्छा (ग) स्मृति (घ) आवेश

(iv) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए-

कथन (A) : यथार्थ को स्वीकार नहीं करने से कवि के स्वप्न अधूरे रहे गए हैं।

कारण (R) : कल्पना और वास्तविकता में सामंजस्य की कमी होने से कवि को संसार अधूरा महसूस होता है।

(क) कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।

(ख) कथन (A) सही नहीं है, कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, किन्तु कारण (R) उसकी सही व्याख्या नहीं करता।

(घ) कथन (A) सही है तथा कारण (R) दोनों सही हैं, कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(v) भव-मौजों में मस्त बहने से तात्पर्य क्या है?

(क) सांसारिक सुख रूपी लहरें (ख) मौज-मस्ती करना

(ग) स्वप्न में उपजी सुख-दु:ख की लहरें (घ) नाव जैसी बहने वाली भावुकता

**प्र.7 (अ) निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए- (6)**

(क) व्यक्ति पर प्रशंसा का क्या प्रभाव पड़ता है? 'बात सीधी थी' कविता के आधार पर लिखिए ।

(ख) 'कविता के बहाने' के आधार पर कविता के असीमित तत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता में मीडिया की संवेदनहीनता किस तरह उजागर हुई है?

**(ब) निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग ४० शब्दों में लिखिए- (4)**

(क) 'दिन जल्दी-जल्दी ढलता है' कविता में कवि के पैर शिथिल क्यों पड़ जाते हैं?

(ख) 'उषा' के जादू को स्पष्ट करते हुए लिखिए ।

(ग) 'पतंग' कविता में बच्चों का जन्म के साथ कपास ले आने का आशय क्या है?

**प्र.8 निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए (5)**

मैंने मन में कहा, ठीक। बाज़ार आमंत्रित करता है कि आओ मुझे लूटो और लूटो । सब भूल जाओ, मुझे देखो। मेरा रूप और किसके लिए है? मैं तुम्हारे लिए हूँ। नहीं कुछ चाहते हो, तो भी देखने में क्या हर्ज है। अजी आओ भी, इस आमंत्रण में यह खूबी है कि आग्रह नहीं, आग्रह तिरस्कार जगाता है। लेकिन ऊँचे बाज़ार का आमंत्रण मूक होता है और उससे चाह जगती है। चाह मतलब अभाव। चौक बाजार में खड़े होकर आदमी को लगने लगता है कि उसके अपने पास काफी नहीं है; और चाहिए, और चाहिए। मेरे यहाँ कितना परिमित है और यहाँ कितना अतुलित है, ओह! कोई अपने को न जाने तो बाज़ार का यह चौक उसे कामना से विकल बना छोड़े। विकल क्यों, पागल। असंतोष, तृष्मा और ईर्ष्या से घायल करके मनुष्य को सदा के लिए यह बेकार बना डाल सकता है।

(i) गद्यांश में प्रयुक्त 'अतुलित' शब्द का समानार्थी शब्द हो सकता है-

(क) अरिहंत (ख) अथाह (ग) अभाव (घ) अक्षय

(ii) गद्यांश का केंद्रीय भाव है-

(क) बाज़ार के प्रकार बताना (ख) बाज़ार न जाने की सलाह

(ग) मनुष्य की तृष्णा को इंगित करना (घ) मनुष्य पर बाज़ार के जादू का असर

(iii) निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए गद्यांश के अनुसार सही कथन को चयनित कर लिखिए

(क) जब मनुष्य बेचैन हो जाता है तब वह बाज़ार की ओर उन्मुख हो जाता है।

(ख) जब मनुष्य तुलना करने लगता है तब असंतोष, तृष्णा और ईर्ष्या के भाव मनुष्य में उभरते हैं।

(ग) जब मनुष्य को बाज़ार आमंत्रित करता है तब मनुष्य की व्याकुलता इसका कारण होती है।

(घ) जब मनुष्य बाज़ार का तिरस्कार करता है तब वह इसका सही लाभ ले पाता है।

(iv) बाज़ार का आमंत्रण कि, 'आओ मुझे लूटो' से क्या आशय है?

(क) बाज़ार लुट जाना चाहता है। (ख) बाज़ार के पास बहुत ज़्यादा वस्तुएँ हैं।

(ग) बाज़ार केवल खुद का रूप दिखाना चाहता है। (घ) बाज़ार आकर्षित करना चाह रहा है।

(v) आत्मनियंत्रण न होने की दशा में बाज़ार हमारी क्या दशा कर सकता है?

(क) रिश्ते ख़तम कर सकता है (ख) बीमार कर सकता है

(ग) व्याकुल बना सकता है (घ) घमंडी बना सकता है

**प्र.9 (अ) निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग ६० शब्दों में लिखिए- (6)**

(i) 'भक्तिन अच्छी है, यह कहना कठिन होगा क्योंकि उसमें दुर्गुणों का अभाव नहीं- लेखिका ने ऐसा क्यों कहा होगा?

(ii) बाजारुपन क्या होता है? किस प्रकार के लोग बाज़ार को सार्थकता प्रदान करते हैं?

(iii) इन्दरसेना सबसे पहले गंगा मैया की जय क्यों बोलती है? नदियों का भारतीय सामाजिक,सांस्कृतिक परंपरा में क्या महत्त्व है?

**(ब) निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग ४० शब्दों में लिखिए- (4)**

(i) पंचायत द्वारा भक्तिन की बेटी पर ज़बरन पति थोपने की घटना पर अपनी प्रतिक्रिया लिखिए।

(ii) बाज़ार का जादू चढ़ने और उतरने पर लोगों पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

(iii) लेखक इन्दर सेना पर पानी फेंके जाने का समर्थक क्यों नहीं था? उसने क्या बोलकर जीजी की बातों का विरोध किया?

**प्र.10 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग १०० शब्दों में लिखिए- (10)**

(i) 'जूझ' कहानी के शीर्षक की सार्थकता बताते हुए इसका उद्देश्य लिखिए।

(ii) यशोधर बाबू की पत्नी समय के साथ ढल सकने में सफल होती है, लेकिन यशोधर बाबू असफल रहते हैं। ऐसा क्यों?

(iii) सिल्वर वैडिंग' कहानी का प्रमुख पात्र वर्तमान में जीता है, किंतु अतीत को आदर्श मानता है। इससे उसके व्यवहार में क्या-क्या विरोधाभास दिखाई पड़ते हैं? सोदाहरण उल्लेख कीजिए।